

Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

# 5 May 2022

Since 2011

# MARVELLOUS

## (A Result Oriented Institute)

An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI

Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

## 5 मई का इतिहास

- **1944 :** महात्मा गांधी को जेल से रिहा किया गया।
- **1984 :** फु दोरजी बिना ऑक्सीजन के एवरेस्ट फतह करने वाले पहले भारतीय बने।
- **1988 :** एवरेस्ट की चोटी से पहला टेलीविजन प्रसारण किया गया।
- **1949 :** भारत में झारखंड पार्टी की स्थापना हुई।
- **2010 :** राजस्थान सरकार द्वारा गुर्जरो को 1 प्रतिशत आरक्षण तत्काल और 4 प्रतिशत का बैकलॉग रखने के समझौते के बाद गुर्जरों ने आंदोलन समाप्त कर दिया।

## 5 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- 5 से 7 मई तक राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया इस सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। यह तीन दिवसीय सम्मेलन गुजरात के केवड़िया में स्टैच्यु ऑफ यूनिटी में आयोजित किया जाएगा। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्री भाग लेंगे। इस सम्मेलन का मकसद कोरोना के मामलों को नियंत्रित करने तथा टीकाकरण अभियान को बढ़ावा देने में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों के प्रयासों को अन्यों के साथ साझा करना है। इसके अलावा अन्य प्रमुख फोकस राज्यों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य अवसंरचनाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना भी होगा।
- ई-श्रम पोर्टल को केंद्र की मौजूदा दुर्घटना बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जोड़े जाने पर विचार किया जा रहा है। इसका मकसद ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों के दुर्घटना दावों के निपटान हेतु एक तंत्र का निर्माण करना है। इस योजना के तहत श्रमिक ई-श्रम यूनिक आईडी नंबर के जरिये प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्राप्त कर सकेंगे। अब तक 26 हजार से ज्यादा ई-श्रम लाभार्थी एनसीएस पर पंजीकरण करा चुके है।
- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओ ने एक पोर्टेबल डिसेलिनेशन उपकरण विकसित किया है। यह उपकरण पीने के पानी से कणों को हटाने के लिए इलेक्ट्रिकल पॉवर का इस्तेमाल करता है। यह फिल्टर की आवश्यकता के बिना साफ पेयजल देने में सक्षम है। गौरतलब है कि इससे संबंधित शोध अमेरिकी केमिकल सोसाइटी जर्नल एनवायरनमेंटल एंड टेक्नोलॉजी प्रकाशित किया गया था।
- ब्राजील के शहर रियो द जेनेरो में एक लैंडस्केप गार्डन सिटियो बुर्ले मार्क्स साइट को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। उद्यान में 3500 से अधिक पौधों की प्रजातियां हैं जो मूलतः रियो की प्रजातियाँ हैं। इसे वनस्पति और परिदृश्य प्रयोग के लिए एक प्रयोगशाला माना जाता है। इस स्थल/साइट का नाम ब्राजील के लैंडस्केप आर्किटेक्ट बुर्ले मार्क्स के नाम पर रखा गया है, जिनके पार्को ओर बगीचों के डिजाइन ने उन्हें विश्व प्रसिद्ध बना दिया।
- महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र जीन बैंक परियोजना को मंजूरी दी है। यह भारत में इस तरह की पहली परियोजना है। इसका उद्देश्य राज्य के भीतर जेनेटिक संसाधनों का संरक्षण प्रदान करना है, जिसके अंतर्गत समुद्री जीवों की विविधता, स्थानीय फसलों के बीज के प्रकार और पशु विविधता शामिल है। मंत्रिमंडल के अनुसार, सात फोकस क्षेत्रों पर अगले पांच वर्षो में 172.39 करोड़ रूपये की राशि खर्च की जाएगी। यह परियोजना महाराष्ट्र राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा कार्यान्वित की जाएगी और मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव के अधीन समितियों द्वारा इसकी देखरेख की जाएगी।
- क्वालकॉम इंक की एक सहायक कंपनी क्वालकॉम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में चयनित सेमीकंडक्टर स्टार्टअप्स के लिए क्वालकॉम सेमीकंडक्टर मेंटरशिप प्रोगाम 2022 को लॉन्च करने और चलाने का प्रस्ताव किया है। इसका लक्ष्य मेंटरशिप, तकनीकी प्रशिक्षण और उद्योग की पहुंच प्रदान करना है। क्वालकॉम इंडिया ने भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के भीतर एक स्वायत्त वैज्ञानिक समाज सी-डैक के साथ एक साझेदारी स्थापित की है। यह कार्यक्रम के लिए एक आउटरीच पार्टनर के रूप में काम करेगी और भाग लेने वाले उद्यमियों को एक्सपोजर हासिल करने में मदद करेगी।
- भारतीय सेना के रेड शील्ड डिवीजन ने स्पीयर कॉर्प्स के तत्वाधान में रेड शील्ड सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड वेलनेस की स्थापना के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया फाउंडेशन और राष्ट्रीय अखंडता और शैक्षिक विकास संगठन के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता किया। यह समझौता मणिपुर के विष्णुपुर जिले में हुआ। मणिपुर सुपर 50 परियोजना का जुलाई 2022 के पहले सप्ताह तक 50 छात्रों के पहले बैच के लिए पूरी तरह कार्यात्मक होने की उम्मीद है।
- इमैनुएल मैक्रो को उम्मीद है कि अगले 5 वर्ष के लिए फ्रांस राष्ट्रपति की सत्ता हासिल करने के बाद वे घरेलू और विदेश नीति पर काम करेंगे, लेकिन उन्हें जल्द ही महत्वपूर्ण संसदीय चुनावों का सामना करना पड़ेगा जिसमें उन्हें अपना बहुमत बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। परिणाम संवैधानिक परिषद द्वारा जारी किए जाएंगे और इसके साथ मैक्रों एक कैबिनेट बैठक करेंगे।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व हाथ स्वच्छता दिवस (World Hand Hygiene Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 2 मई (B) 5 मई
(C) 7 मई (D) 8 मई

**(B)** विश्व हाथ स्वास्थ दिवस हर साल 5 मई को मनाया जाता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व भर में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गंभीर संक्रमणों को दूर करने में हाथों की स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिवस का आयोजन किया जाता है।




**2. इंटरनेशनल डे ऑफ द मिडवाइफ किस तिथि को मनाया जाता है ?**

(A) 5 मई (B) 10 मई
(C) 13 मई (D) 15 मई

**(A)** विश्व स्तर पर 1992 से हर साल 5 मई के मिडवाइफ के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह दिवस मिडवाइस के काम को मान्यता देने और माताओं और उनके नवजात शिशुओं को प्रदान की जाने वाली आवश्यक देखभाल के लिए मिडवाइस की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।




**3. विश्व पासवर्ड दिवस (World Password Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 1 मई (B) 2 मई
(C) 4 मई (D) 5 मई

**(D)** विश्व पासवर्ड दिवस प्रत्येक वर्ष मई के पहले गुरूवार को मनाया जाता है। वर्ष 2022 में यह दिवस 5 मई को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य लोगों को यह याद लिाना है कि मजबूत पासवर्ड के माध्यम से हम स्वयं को धोखाधड़ी से बचा सकते है। वर्तमान समय में ज्यादातर चीजें डिजिटलाइज्ड हैं। ऑनलाइन खरीदारी, इंटरनेट, बिलिंग इत्यादि को उपयोग किया जाता है।




**4. विश्व कार्टूनिस्ट दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 3 मई (B) 4 मई
(C) 5 मई (D) 6 मई

**(C)** विश्व कार्टूनिस्ट दिवस हर साल 5 मई को मनाया जाता है। कार्टनिस्ट अपने विचारों एवं अभिव्यक्ति की आजादी के लिए जाने जाते हैं। भारत में कार्टून कला की शुरूआत ब्रिटिश काल में मानी जाती है। केशव शंकर ने 1932 में हिंदुस्तान टाइम्स में कार्टून बनाना प्रांरभ किया। शंकर के बाद धीरे-धीरे कार्टून कला का भारत में विकास हुआ और भारत में हर प्रांत और भाषा में कार्टूनिस्ट काम कर रहे है।




**5. विश्व पुर्तगाली भाषा दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 5 मई (B) 6 मई
(C) 7 मई (D) 8 मई

**(A)** विश्व पुर्तगाली भाषा दिवस हर साल 5 मई को पुर्तगाली भाषा और लुसोफोन संस्कृतियों का उत्सव मनाने के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है। 5 मई 2020 को पहला विश्व पुर्तगाली भाषा दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृति संगठन के 2019 में आयोजित महासम्मेलन के 40वें सत्र ने हर साल 5 मई को विश्व पुर्तगाली भाषा दिवस के रूप में मनाने को घोषित किया।



**6. हाल ही में एकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क पर लाइव होने वाला पहला सार्वजनिक बैंक कौनसा बना ?**

(A) यूनियन बैंक (B) विजय बैंक
(C) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (D) केनरा बैंक

**(A)** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम पर लाइव होने वाला पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बन गया। यह फ्रेमवर्क/ढाँचा, विनियमित संस्थाओं के बीच वास्तविक समय के आधार पर वित्तीय जानकारी साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। वित्तीय सूचना प्रदाताओं और वित्तीय सूचना उपयोगकर्ताओं के बीच डेटा के प्रवाह को सक्षम करने के लिए एकाउंट एग्रीगेटर को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लाइसेंस प्राप्त है।

**7. हाल ही में किस बैंक ने MSMEs के लिए Open-For-All डिजिटल इकोसिस्टम लॉन्च किया ?**

(A) HDFC बैंक (B) SBI बैंक
(C) RBI बैंक (D) ICICI बैंक

**(D)** आईसीआईसी बैंक ने देश में सभी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए भारत का पहला ओपन फॉर आल व्यापक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र लॉन्च किया है। इसका उपयोग अन्य बैंकों के ग्राहक भी कर सकते हैं। कोई भी इंस्टाबिज ऐप पर डिजिटल समाधान के लाभों का उपयोग कर सकता है। यह इंस्टाऑड प्लस के माध्यम से 25 लाख रूपये तक की तत्काल और पेपरलेस ओवरड्राफ्ट सुविधा की मंजूरी प्रदान करता है।

**8. बैडमिंटन टूर्नामेंट एशिया चैंपियनशिप 2022 (Asia Championship 2022) में भारतीय खिलाड़ी PV सिंधु ने कौनसा पदक जीता है ?**




(A) रजत (B) कांस्य
(C) स्वर्ण (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** बैडमिंटन टूर्नामें एशिया चैंपियनशिप 2022 (Asia Championship 2022) में भारतीय खिलाड़ी PV सिंधु ने कांस्य पदक जीता है। वहीं इस टूर्नामेंट में जापान की अकाने यामागुची ने स्वर्ण पदक जीता है। इन टूर्नामेंट को आयोजन फिलीपिंस मे हुआ था।

**9. हाल ही में CSK के फिर से कप्तान कौन बने है ?**



(A) विराट कोहली (B) रविंद्र जडेजा
(C) महेंद्र सिंह धोनी (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक पहले कप्तानी छोड़ने वाले महेंद्र सिंह धोनी फिर से टीम की कमान संभाल लिए है। जडेजा ने खेल पर ध्यान देने के लिए धोनी को फिर से कप्तानी सौंप दी है। हैदराबाद टीम के खिलाफ मुकाबले में बतौर कप्तान मैदान पर उतरते ही धोनी ने राहुल द्रविड़ का एक अनोखा रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**10. भारत में मात्स्की और जलीय कृषि इकाइयों के लिए अपर्याप्त बीमा कवरेज रिपोर्ट 2022 को किसने जारी किया है ?**

(A) खाद्य कृषि संगठन (B) भारतीय मौसम विज्ञान विभाग
(C) विश्व स्वास्थ्य संगठन (D) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

**(A)** खाद्य कृषि संगठन ने भारत में मात्स्यिकी और जलीय कृषि इकाइयों के लिए अपर्याप्त बीमा कवरेज रिपोर्ट 2022 को जारी किया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में मछली पकड़ने के जहाजों, तटीय अचल संपत्ति और जल कृषि इकाइयों की कवरेज बहुत कम है।

# MARVELLOUS

## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES

**(A RESULT ORIENTED INSTITUTE )**

**Since 2011**



MPPSC की तैयारी के लिए VIPIN सर ही क्यों ?



**Director :-**

**MR. VIPIN JAIN SIR**

**(The Symbol of Trust)**

MSC Mathematics

MPA Public Administration , NET

MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET

MPS Political Science , NET Qualified

MSO Sociology

MHD Hindi Literature Etc

**Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore**

**CONTACT :- 9981983777, 8817983777**